छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा षष्ठम् सत्र अंक-01

रायपुर, बुधवार, दिनांक 16 दिसम्बर, 2015
(अग्रहायण 25, शक संवत् 1937)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत

वन्दे मातरम् की धुन बजाई गई ।

2.निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम, भारत के पूर्व राष्ट्रपति, श्री परसराम भारद्वाज, पूर्व सांसद, श्री गंगूराम बघेल, छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व राज्य मंत्री एवं श्री प्यारेलाल सलाम, अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किए।

डॉ.रमन सिंह-मुख्यमंत्री, श्री टी.एस.सिंहदेव-नेता प्रतिपक्ष, श्री अजय चंद्राकर-संसदीय कार्य मंत्री, श्री भूपेश बघेल-सदस्य, श्री बृजमोहन अग्रवाल-कृषि मंत्री, श्री मनोज सिंह मंडावी-सदस्य, श्री केशव चंद्रा-सदस्य, श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय- राजस्व मंत्री एवं श्री नवीन मारकण्डेय, सदस्य ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में विधान सभा की कार्यवाही पूर्वाह्न 11.53 बजे गुरूवार, दिनांक 17 दिसम्बर, 2015 (अग्रहायण 26, शक संवत् 1937) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा